आकाशवाणी श्री विजयपुरम

25.09.2024 समय : 1850

- अंडमान से मोयरंग तक तिरंगा फहराए जाने और इसमें नेताजी सुभाषचन्द्र बोस तथा आज़ाद हिन्द फौज की भूमिका पर डीब्रेट में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्रामीण विकास, पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय की ओर से द्वीपसमूह के ग्राम पंचायतों और खंडों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।
- आगामी दुर्गा पूजा उत्सव को देखते हुए बिजली विभाग ने सभी उपभोक्ताओं विशेषकर पूजा उत्सव आयोजकों से बिजली का उचित और किफायती इस्तेमाल करने का अनुरोध किया है।
- नवजात बालिका शिशुओं के जन्म को मनाने के लिए मध्योत्तर अंडमान ज़िले में बेटी बधाई संदेश की शुरूआत की गई है।
- आयुष्मान पखवाड़ा मनाए जाने के सिलसिले में राज्य स्वास्थ्य एजेंसी की ओर से पुनश्चर्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान से मोयरंग तक तिरंगा फहराए जाने और इसमें नेताजी सुभाषचन्द्र बोस तथा आज़ाद हिन्द फौज की भूमिका पर डीब्रेट में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। डीब्रेट, महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर और भारतीय इतिहास संकलन समिति, पश्चिम बंगाल की ओर से आयोजित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्‌घाटन श्रम सचिव डॉ. अनिल अग्रवाल ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय स्वाधीनता संग्राम में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए इतिहासकारों से अनुरोध किया कि वे ज्ञानकोष में स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में उपलब्ध जानकारियां एकत्र करें और जरूरत पड़े, तो इसमें सुधार का उपाय भी करें। कोलकाता के मौलाना अबुल कलाम आज़ाद एशियन अध्ययन संस्थान के निदेशक डॉ. स्वरूप प्रसाद घोष ने एकजुट भारत की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वाधीनता की लड़ाई में आध्यात्मिक राष्ट्रवाद की भूमिका पर भी जानकारी दी। भारतीय इतिहास संकलन समिति, पश्चिम बंगाल के महासचिव रविरंजन सेन ने आज़ाद हिन्द फौज और नेताजी की भूमिका पर जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. पूजा व्यास और डॉ. स्वपन कुमार बिश्वास ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्रामीण विकास, पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय की ओर से द्वीपसमूह के ग्राम पंचायतों और खंडों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विभिन्न विभागों और गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ग्राम पंचायत कालीकट में स्कूल परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से साफ–सफाई बरतने के बारे में जानकारी दी गई। स्वच्छता लक्ष्य इकाई पिल्लर के तहत पूरे द्वीपसमूह में एक सौ ग्यारह ब्लैक स्पॉट्स की पहचान की गई है। इनमें से सत्ताईस को पूरी तरह स्वच्छ बनाया गया है। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के जरिए विभिन्न ग्राम पंचायतों के सफाई कर्मियों को पी पी ई किट, सम्मान कार्ड और उनकी स्वास्थ्य जांच का कार्य भी किया जा रहा है। सम्मान कार्ड के माध्यम से सफाई कर्मी सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा पाएंगे। सचिव अर्जुन शर्मा ने अभियान में लोगों द्वारा बढ़–चढ़कर भाग लेने के लिए उनके प्रति आभार प्रकट करते हुए सभी से घर स्तर पर ही कचरों को अलग–अलग करने की आदतें डालने का अनुरोध किया है, ताकि द्वीपसमूह कचरामुक्त हो सके।

<><><><><><><>

आगामी दुर्गा पूजा उत्सव को देखते हुए बिजली विभाग ने सभी उपभोक्ताओं विशेषकर पूजा उत्सव आयोजकों से बिजली का उचित और किफायती इस्तेमाल करने का अनुरोध किया है। विभाग ने कहा है कि पूजा उत्सव में बिजली की मांग अधिक होगी और बिजली विभाग पूरे द्वीपों में बिना अवरोध के बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। विभाग ने आयोजकों से ऊर्जा के उचित इस्तेमाल करने के लिए एल ई डी लाईट या अन्य ऊर्जा की बचत करने वाले लाईट का पंडालों और घरों में सजावट के लिए उपयोग करने को कहा है। इसके अलावा मांग के समय भारी बिजली के उपकरणों का इस्तेमाल को कम करने तथा बड़ी संख्या में लाईट लगाने और सौन्दर्यकरण के लिए जेनेरेटर या ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों का इस्तेमाल करने का भी अनुरोध किया गया है, ताकि मुख्य ग्रिड पर दबाव कम किया जा सके। सभी के सहयोग से बिना अवरोध के बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। पूजा पंडालों से ग्रिड के काम न करने की स्थिति में वैकल्पिक प्रबंध भी करने को कहा गया है, ताकि लोगों की सुरक्षा और संरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके।

<><><><><><><>

नवजात बालिका शिशुओं के जन्म को मनाने के लिए मध्योत्तर अंडमान ज़िले में बेटी बधाई संदेश की शुरूआत की गई है। ज़िला स्वास्थ्य सोसाइटी मध्योत्तर अंडमान के पहल के तहत ज़िला उपायुक्त ने आज मायाबंदर के डॉ. राजेन्द्र प्रसाद अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में इसका उद्घाटन किया। उन्होंने शिशु किट, जागरूकता पाम्प्लेट और बधाई प्रमाणपत्र का वितरण करते हुए कहा कि ये पहल मात्र एक दिवसीय प्रयास नहीं है, बल्कि ये समावेशी और समान सोसाइटी की ओर बढ़ता हुआ एक कदम है। बालिका शिशुओं के जन्म को मनाने का उद्देश्य एक ऐसे भविष्य की नींव रखनी है, जहां लिंग की कोई सीमा न हो। उन्होंने कहा कि ज़िला प्रशासन की ओर से बच्चों में कुपोषण से निपटने के लिए कुपोषण मुक्त अभियान भी चलाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी. के. पलित के अलावा अस्पताल के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

पार्षद एस सेल्वी ने गुरूद्वारा लाईन निवासी बी एन संजय के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज निधन हो गया। वे सैंतालीस वर्ष के थे। शव यात्रा कल दिन में बारह बजे गुरूद्वारा लाईन स्थित इनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

आयुष्मान पखवाड़ा मनाए जाने के सिलसिले में राज्य स्वास्थ्य एजेंसी की ओर से पुनश्चर्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एम बी बी एस के तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. पी लाल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के बारे में जानकारी देते हुए इसके लाभ, योग्यता शर्ते और संचालन पहलुओं पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों से आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता ऐप डाउनलोड करने और अपने तथा अपने परिजनों के लिए आभा कार्ड सृजित करने को कहा।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान में पॉक्सो अधिनियम के तहत विशेष जज सुभाजित बासु ने सिलास होरो नामक किशोरीनगर के एक व्यक्ति को नाबालिग के साथ बालात्कार के मामले में बीस वर्ष की कठोर सजा सुनाई है। आज न्यायालय में सजा सुनाते हुए विशेष जज ने अभियुक्त पर बीस हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर उसे पांच महीने की और सजा भुगतनी पड़ेगी। मामले की पैरवी विशेष सरकारी अधिवक्ता केशव चन्द्र मंडल ने किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस विभाग की ओर से कार्रवाई की जा रही है और नशाखोरी तथा नशीले पदार्थों का कारोबार करने वालों को पकड़ने का काम भी जारी है। गोपनीय सूचना के आधार पर अबरडीन थाना पुलिस की टीम ने थाना प्रभारी विशाल राम के नेतृत्व में हाल ही में वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के आगमन द्वार के पास छापामारी की। इस दौरान अकबर मोरल नामक गाराचरमा के एक निवासी को आठ सौ पचास ग्राम से अधिक गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। एक अन्य कार्रवाई में ओग्राब्राज पुलिस ने दो लोगों को उन्नीस किलो हिरण के मांस के साथ ओग्राब्राज चौराहे पर रोककर जांच की और बाद में इन्हें वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया। पहाड़गांव पुलिस ने भी तीन रसोई गैस के सिलेण्डर चुराने के आरोप में दो लोगों को पकड़ा है और इन पर आपराधिक मामला दर्ज किया गया है।

<><><><><><><>

हिन्दी पखवाड़ा मनाए जाने के सिलसिले में जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय की भूगोल पी जी विभाग की ओर से अंतर विभागीय कवि सम्मेलन का का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एच के शर्मा मुख्य अतिथि थे। कवि सम्मेलन में एम एससी अंतिम वर्ष की छात्रा स्मृति मिश्रा को पहला, बी ए द्वितीय वर्ष की महक को दूसरा, और बी एससी द्वितीय वर्ष के संजीत राम को तीसरा स्थान मिला।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय पोषण माह मनाए जाने के सिलसिले में जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। समाज कल्याण विभाग के सहयोग से गृह विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने मीठाखाड़ी माध्यमिक विद्यालय में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। कॉलेज में पोषण और पॉक्सो पर व्याख्यान का आयोजन भी किया गया।

<><><><><><><>